ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

पांच लाख के सोने के जेवरात एवं नगदी को सुरक्षित वापस कराया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 नवम्बर. आरती चौरसिया पति आशीश चौरसिया उम्र 35 साल निवासी न्यू कालौनी बिरला नगर हजीरा जिला ग्वालियर के द्वारा थाना पड़ाव पर सूचना दी गई कि हमारे एक बैग मे सोने के जेवरात जिसकी कीमत करीबन पाँच लाख रुपये एवं मोवाइल एवं नगदी करीब 15000/- रुपये रेलवे स्टेशन के बाहर कहीं गिर गये है। जिस पर थाना प्रभारी पड़ाव द्वारा पुलिस की टीम को सूचनाकर्ता के सामान की खोज हेतु लगाया गया।

उक्त सूचना पर थाना प्रभारी पड़ाव निरीक्षक शैलेन्द्र भार्गव जांच हेतु प्रआर. सुदीप राठौर एवं आर. अंकित शर्मा के साथ थाने से रवाना होकर रेलवे स्टेशन पर ऑटो चालकों से पूछताछ की गई। तभी दौराने पूछताछ एक टमटम चालक राजू प्रजापति पिता किशन लाल प्रजापति उम्र 32 साल निवासी मानमंदिर टॉकीज के बगल से हजीरा ग्वालियर से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि एक लोडिंग वाहन जिस पर रेलवे विभाग लिखा है उसके चालक ने लेडीज पर्स को उठाया था।

पुलिस द्वारा उसकी तलाश हेतु शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया तो उक्त संदेही लोडिंग के रंग एवं रेलवे विभाग लिखा होने से उक्त वाहन की रेलवे में कार्य कर रहे वाहनों की बारीकी से तलाश की गई तो लोडिंग क्रमांक यूपी03-बीटी-5613 जो प्लेटफार्म न. 04 के बाहर खड़ी मिली जिसे टमटम चालक के द्वारा पहचाना गया। उक्त लोडिंग के संबंध मे आसपास पूछताछ की गई तो वहाँ पर उपस्थित मैनेजर के द्वारा बताया गया कि रेलवे विभाग में कार्यरत है जिसके चालक हरीश प्रजापति पुत्र जानकी प्रसाद प्रजापति गली न. 02 लक्की टेलर के पास चंद्रबदनी नाका झांसी रोड ग्वालियर का है। उक्त व्यक्ति को काफी प्रयास के बाद बुलाया गया तो वह महिला का पर्स एवं पूरा सामान (ज्वेलरी) करीबन 05 तोला सोना एवं नगदी करीबन 15000/- रुपये मय मोबाइल के लेकर आया। उक्त सामान को फरियादिया आरती चौरसिया पति श्री आशीष चौरसिया के द्वारा अपने सामान (ज्वेलरी) एवं नगदी एवं मोबाइल की पहचान की गई। जिसे महिला को उसके पति के समक्ष समस्त सामान को सुपुर्द किया गया। थाना पड़ाव पुलिस के प्रआर. सुदीप राठौर एवं आर. अंकित शर्मा के भरसक प्रयास से करीब पाँच लाख रुपये का सामान महिला को सुरक्षित वापस किया गया।

सराहनीय भूमिका- थाना प्रभारी पड़ाव निरीक्षक शैलेन्द्र भार्गव, प्र.आर. सुदीप राठौर, आर. अंकित शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

बौद्ध पर हमला करने वाले तीन आरोपी देर रात गिरफ्तार

ग्वालियर 28 नवम्बर. लाखन सिह बौद्ध राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्यक समाज संघ पर हमला करने वाले तीन आरोपीगणों को पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम लाला जाटव उर्फ बिजेन्द्र जाटव पुत्र मानसिंह उम्र 23 साल, बबलू रजक उर्फ धारा पुत्र मुन्नालाल रजक उम्र 25 साल एवं विजय सैनी पुत्र नारायण सैनी बताए गए हैं। पूछताछ में उक्त तीनों आरोपियों ने कार के कांच पत्थर फेंककर तोड़ना स्वीकार किया है। बाकी चार फरार आरोपियों अमन जाटव पुत्र सुनील जाटव पुत्र सुनील जाटव प्रदीप जाटव उर्फ भतीजा पुत्र नारायण सिंह जाटव निवासी कबीर कॉलोनी, गुल्लू वाल्मीकि निवासी श्रीनगर कॉलोनी, साहिल जाटव निवासी कबीर कॉलोनी की पुलिस तलाश कर रही है।

भारतीय नौसेना की कार रैली का स्वागत

ग्वालियर 28 नवम्बर. भारतीय नौसेना की कार रैली का ग्वालियर में जिला प्रशासन द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुंबई नौसेना डॉकयार्ड की 290 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'समुद्र की ताकत और पर्वतों की ऊंचाई - सर्फ टू स्नो' कार्यक्रम के तहत निकाली जा रही यह कार रैली शिमला, कल्पा, किन्नौर व चंडीगढ़ होते हुए ग्वालियर पहुंची थी।

एसकेवी में साक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट का शुभारम्भ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 नवम्बर. सिंधिया कन्या विद्यालय में दो दिवसीय समारोह साक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट का भव्य शुभारम्भ हुआ। यह समस्त कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या श्रीमती निशि मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत और विदेश से मेजबान टीमस दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत और विदेश से मेजबान टीम सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर सहित 22 प्रतिष्ठित विद्यालय ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय के सहयोग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो .(डॉ.) अलका चावला लॉ फैकल्टी इंचार्ज दिल्ली यूनिवर्सिटी उपस्थित थीं।

प्रो .(डॉ.) अलका चावला तथा अन्य गणमान्य अथितियों अरुण चावला फॉर्मर डायरेक्टर जनरल ऑफ़ फेडरेशन ऑफ़ इंडियन चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री साथ ही निर्णायक मंडल के रूप में डॉक्टर प्रीतम बरुआह लॉ स्कूल के प्रोफेसर और डीन, सुश्री श्रद्धा चौधरी, सुश्री सरस्वती वैद्यनाथन, सुश्री सुनीति, शार्दुल कुलकर्णी, श्री मैत्रेय सिंह का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया तथा स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

प्राचार्या श्रीमती निशी मिश्रा द्वारा उदबोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने मुख्य अथिति, सम्मानित अतिथि, समस्त निर्णायक मंडल तथा समस्त बाहर से आई टीमों का स्वागत किया तथा समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों को धन्यवाद दिया तथा बताया कि सिंधिया कन्या विद्यालय देशभर का पहला विद्यालय है जहाँ पर तीसरी बार अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट हो रहा है।

22 विद्यालयों से आये समस्त छात्र-छात्राओं की 38 टीम बनायीं गयी। प्रत्येक टीम में 2 रिसर्चर तथा दो-दो कॉउन्सिल थे, जिसमें 19 छात्र छात्राएं पिटीशनर तथा 19 छात्र छात्राएं रेस्पोंडेंट थे इसमें से 4 टीमें सेमी-फाइनल में जाएँगी।

इस बार सिंधिया कन्या विद्यालय में मूट कोर्ट में एक गंभीर केस को उठाया गया है गोंडोर सुप्रीम कोर्ट में फैक्ट्रियों अधिनियम, 1978 की धारा 75 को चुनौती दी गई है, जो महिलाओं के काम करने के समय को सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक सीमित करती है। याचिकाकर्ता मिस लूसी का कहना है कि इस प्रावधान के कारण उन्हें पदोन्नति नहीं मिली और यह महिलाओं के साथ भेदभाव करता है।

ऋषि गालव पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह बीआईआरओ 2025 का आयोजन

ऋषि गालव पब्लिक स्कूल, मुरार में वार्षिक खेलकूद समारोह बीआईआरओ 2025 का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन में करीब 600 विद्यार्थियों ने विविध खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा दोहड़ी, सहायक संचालक, शिक्षा विभाग, तथा विशिष्ट अतिथि सुश्री अपर्णा कुशवाह, सांख्यिकी अधिकारी (डीईओ कार्यालय) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक मार्च पास्ट से हुई, जिसका नेतृत्व आयुष बघेल ने किया। बच्चों के जोश और अनुशासनपूर्ण कदमताल ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। खेल स्पर्धाओं में 100 मीटर दौड़, रिले रेस, हनी बी रेस, हर्डल रेस, रैबिट रेस, ब्रिक रेस सहित अनेक रोचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। जूनियर वर्ग के लिए रखी गई विशेष रेसों ने पूरे मैदान में मनोरंजन और उत्साह का अलग ही माहौल बनाकर सभी को आनंदित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्रों द्वारा किया गया डांस, एरोबिक्स और योग प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने दर्शकों से भरपूर सराहना प्राप्त की। ये प्रस्तुतियाँ बच्चों की शारीरिक-मानसिक ऊर्जा और आत्मविश्वास को दर्शाती रहीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी ऋषभदेवानंद जी, आदर्श गौशाला, मुरार रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में खेलों को जीवन में अनुशासन और आत्मविकास का महत्वपूर्ण साधन बताया। कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती हेमलता झा, शिक्षक-शिक्षिका शाहनाज़ खान, शिखा जैन, नंदिनी कौरव, विश्वनाथ कौरव, शुभम सिंह, विवेक सिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में हेड गर्ल प्रियंका बघेल द्वारा वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत किया गया। समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार कर गया।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपति क्षे. क्रं. 22 वार्ड क्रं. 61, स्थान:बड़ा गांव पर स्थित है जो विक्रेता सुमिता धार/दिवाकर धार के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.9000095754 पर काबिज दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 839 वर्गफुट है। उक्त संपति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. R-17102501524984 दिनांक 17/10/2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 27.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT- 30012 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

दिनांक-28/11/2025

रविता पंडित/नितिन पंडित

फ्लैट न. 301 सिग्नेचर सिटी बड़ा गांव -61

CHANGE OF NAME

I, Ashish Shivhare S/o Shri Hari Shankar Shivhare, Age – 04-07-1988, Sex-Male, Address- Block-B-306, 3rd floor, Vardhman tower Ohadpur, City Center Gird, Gwalior (M.P.)-474011. That a Passport number N0348816, Dated 10.06.2015 has been made in the name of me the affiant, in which my name Aashish Shivhare, my father's name is Hari Shankar and mother's name is Anita, which is wrong. My name is Ashish shivhare, my father's name is Hari Shankar shivhare and my mother's name is Aneeta shivhare, which is true and correct. that I, the affiant, have to register my name as Ashish Shivhare, my father's name as Harishankar shivhare and mother's name is Aneeta shivhare in my passport.

नामांकन विज्ञप्ति/संशोधन सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20- 11- 2025 को प्रकाशित नामांकन सूचना में त्रुटिवश आवेदक का क्षेत्र क्रमांक 19 व वार्ड क्रमांक 50 गलत छाप गया है जिसका वास्तविक आवेदक का क्षेत्र क्रमांक 12 व वार्ड क्रमांक 45 पढ़ा जावे। ऑनलाइन संपति ट्रांसफर नंबर PT-28464 है। शेष यथावत रहेगा।

आवेदक का नाम

राकेश सिंह बघेल/ बी.एस. बघेल, मीनाक्षी पाल बघेल / राकेश सिंह बघेल

पता- एम. के. प्लाजा, राजपायग रोड

करियर कॉउंसिलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 नवम्बर. जिला रोजगार कार्यालय ग्वालियर द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन योजना के अन्तर्गत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरार ग्वालियर में उपसंचालक रोजगार कार्यालय पवन कुमार भिमटे एवं समन्वयक श्रीमती कुसुम भारती के मार्गदर्शन में करियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय ग्वालियर में कलेक्टर ग्वालियर द्वारा गठित काउन्सलिंग समिति द्वारा कक्षा 9 से 12 वीं की छात्राओं को करियर संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। शुभारंभ सरस्वती पूजन वंदन एवं प्राचार्य द्वारा वक्ताओं के पुष्प गुच्छ से स्वागत से हुआ। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में मनोविशेषज्ञ काउन्सलर डॉ. दीप्ति गौड़ एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. दिव्या सिंह ने उपस्थित होकर युवाओं का मनौवैज्ञानिक विश्लेषण कर रोजगार व स्वरोजगार के नित नए अवसरों की जानकारी प्रदान की एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्रीमती कीर्ति पंत ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों से करियर सूचना फॉर्म भरवाए गए और उसके आधार पर विद्यार्थियों को काउंसलिंग प्रदान की गई। जिसमें स्वरोजगार के अवसर, व्यवसायिक कोर्स, तनाव प्रबंधन और उपयुक्त करियर का चयन विषयों पर चर्चा की गई।

गुना को हराकर ग्वालियर बना खो खो चैंपियन

ग्वालियर। शासकीय केआरजी कॉलेज के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन जिला महिला खो खो प्रतियोगिता में ग्वालियर टीम ने शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में ग्वालियर ने गुना को 1 पारी व 11 अंक के बड़े अंतर से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। संगठन सचिव एवं क्रीड़ा अधिकारी मनोहर कटारिया ने बताया कि समापन समारोह में केआरजी की जनभागीदारी सदस्य मीना सचान मुख्य अतिथि रहीं। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. कुमकुम माथुर ने की। विशिष्ट अतिथियों में जेयू के सेवानिवृत्त उप निदेशक डॉ. केशव सिंह गुर्जर, जनभागीदारी सदस्य अरविंद रघुवंशी, सेवानिवृत्त खेल अधिकारी डॉ. केएस गिल रहे। इससे पहले मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया। फाइनल में ग्वालियर ने गुना को मात देकर खिताब जीता। जनभागीदारी सदस्य अरविंद रघुवंशी ने विजेता एवं उप विजेता टीम को 1100 और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कु. निशा बघेल को 500 रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी मनोहर कटारिया ने किया। इस अवसर पर डॉ. सतीश गुप्ता, डॉ. केके तिवारी, डॉ. सुधा सिंह, डॉ. ज्योत्सना राणा, डॉ. सोनिया सिंह, डॉ. अलका सिंह, डॉ. लखविन्दर सिंह, डॉ. हरेन्द्र सिंह सिकरवार, डॉ. दिवाकर पाल, काजल शर्मा, स्नेहलता, अनुष्का तोमर, शिवानी तोमर उपस्थित रहे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीतू सिंह पत्नी श्री ओम गिरी की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड नंबर 07 (दाऊ वार्ड), मुरैना गांव की पुरानी, ग्राम मुरैना गाँव, तहसील व जिला मुरैना के सर्वे नंबर 1511/2 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- रास्ता 25 फ़ीट चौड़ा, पश्चिम में- कृषि भूमि दीगर, उत्तर में- प्लाट रेनू गौड़, दक्षिण में- प्लाट शीतल व कुल क्षेत्रफल 679.50 वर्ग फुट है उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमती सियाबाई पत्नी स्व. श्री अशर्फी लाल, श्रीमान शिवकुमार पुत्र स्व. श्री अशर्फी लाल, शारदा, गुड्डी, रम्मो उर्फ रजनी पुत्रियाँ स्व. श्री अशर्फी लाल के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तदुपरांत केवल श्रीमती रम्मो उर्फ रजनी शर्मा पुत्री स्व. श्री अशर्फी लाल एवं पत्नी श्री योगेंद्र शर्मा द्वारा श्रीमती नीतू सिंह पत्नी श्री ओम गिरी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख पत्र दस्तावेज क्र. MP27IGR17912025 A100734878 दिनांक 20.08.2025 से विक्रय की गई है। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 28.11.2025

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)

कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर

मो.9826820987

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 41, भवन क्रं 704,स्थान विच्छूरकर की गोठ ग्वा0 मे स्थित है जो कि राजेन्द्र काकवानी/श्री सच्चानन्द काकवानी के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1002876375 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 146 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602020ए1234427 दिनांक 27.05.2020 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द 16,क्षे.क्र 16, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक. 28.11.2025

आवेदक-नितिन आईलानी/हरीशकुमार आईलानी, पता-विच्छूरकर की गोठ ग्वा0, मो0-9329761434

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 24, वार्ड क्रं 65, स्थान अजयपुर ग्वा0 मे स्थित है जो कि कला बेवा भगवान सिंह,अशोक,मातादीन/भगवान सिंह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं ..पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 765 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड ग्रंथ क्रं 1171 दिनांक 02.12.2012 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द अजयपुर क्षे.क्र 24, पर दिनांक 28.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28.11.2025

आवेदक-गीता कुशवाह/ बाबूलाल, बाबूलाल कुशवाह/जगराम कुशवाह, पता-अजयपुर ग्वा0

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 53,स्थान मुंशियों का मौहल्ला लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि सीताराम माहौर/स्व. पंचाराम माहौर के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 375 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602025ए1242541 दिनांक 29.03.2025 उत्तराधिकार/वसीयत/ मृत्युउपरान्त से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज क्षे.क्र 20, पर दिनांक 26.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 74/2010/64805/64891 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक. 28.11.2025

आवेदक-श्रीमती रजनी माहौर/सीताराम माहौर, पता-मुंशियों का मौहल्ला लश्कर ग्वा0, मो0-9039875625

M.P. POWER GENERATING CO. LTD.

(Govt. of M.P. U/T) Chanderi, Office of S.E. (O&M) Rajghat HPS
GSTIN : 23AADCM4472A1ZZ, E-mail : serhps@gmail.com
No. : 597-6100/T-023 /25-26/Tr-460245/915 Chanderi, Dated : 26.11.2025

NOTICE INVITING TENDER

Tender No.	: 2025_MPPGC_460245
Particulars	: Work contract of assistance for different type of works viz: 03 Gardeners (01 in Colony and 02 in Power House), 03 Pump Operators (round the clock), 02 Chowkidar for colony (in two shifts from 04 PM to 12 Midnight and from 12 Midnight to 08 AM) & 02 man-powers for cleaning sweeping across the area of power house for 3 years" at 3x15 MW Rajghat Hydel Power Station, MPPGCL Chanderi.
Estimated Cost (Rs.)	: Rs. 68.87 Lakh including GST.
Tender Fee (Rs.)	: 2,000.00
EMD (Rs.)	: 1,37,800.00
Last Date of Bid Submission	: 27.12.2025; till 15:30 Hrs.
Tender Open Date	: 29.12.2025; 16:00 Hrs. onwards

Tenders are invited through E-Tendering System. For viewing detailed NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tenders, for any clarifications and/or due date extension or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly.

M.P. Madhyam/123253/2025 SUPERINTENDING ENGINEER

प्रतियोगिता के लिए नहीं बल्कि अपनी देह के लिए समय निकालें

ग्वालियर। प्रतियोगिता को स्वस्थ तरीके से खेल भावना के साथ लेना चाहिए। केवल प्रतियोगिता के लिए ही नहीं नियमित रूप से अपनी देह के लिए हमें समय निकालना चाहिए। यह बात माधव महाविद्यालय की संगठन व्यवस्था में जीवाजी विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष एवं युवा नेता देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर ने युवा खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने की। सारस्वत अतिथि के रूप में पीएमश्री शा. श्यामलाल पाण्डवीय महाविद्यालय मुरार के प्राचार्य डॉ. शत्रुघन सिंह तोमर, महाराजा मानसिंह महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर व लीड कॉलेज ग्वालियर के रामगोपाल आर्य उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की बात कही। उन्होंने अपने समय से एक घंटा देह के लिए व घंटा देश के लिए निकालने का आव्हान युवाओं से किया। उद्घाटन मैच महात्मा गांधी लॉ कॉलेज और माधव विधि महाविद्यालय के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर, प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा, डॉ. शत्रुघन सिंह तोमर, डॉ. रामगोपाल आर्य, रामवीर सिंह तोमर आदि ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा टॉस कराया गया। उन्होंने बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने अंगवस्त्र व पौधे भेंट किए। संचालन क्रीड़ा अधिकारी मुलायम सिंह जादौन ने व आभार प्रदर्शन स्टाफ काउंसिल के सचिव डॉ. नीलेन्द्र सिंह तोमर ने व्यक्त किया। आज खेले गए दो मैचों में पहले मैच में महात्मा गांधी लॉ कॉलेज को हरा कर माधव विधि महाविद्यालय ने जीत हासिल की जबकि दूसरा मैच शा.भगवत सहाय कॉलेज ने महाराजा मानसिंह कॉलेज को हरा कर जीता। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मनोज अवस्थी, डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. कौशलेन्द्र अवस्थी, डॉ. प्रशांत साहू, नंदकुमार माहौर, अशोक पाल, युवराज सिंह, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी अभिषेक अवस्थी एवं टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों के कोच-मैनेजर व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

PUBLICATION NOTICE

IN THE COURT OF HON'BLE DISTRICT JUDGE-3, ACHALPUR, DIST. AMRAVATI (MAHARASHTRA STATE)
Civil M.A. No. 52/2023
F.F. 06-01-2026
Applicant:- Munna Khan Karim Khan
// Versus //
Non applicant:- Sakun Ramlal Koge & oths.
Banam:- 5. Ravindrasingh Pratapsingh Thakur R/o Keshav Colony, Morena, Dist. Morena, (M.P.)
APPLICATION U/O 2 R/13 OF R/W SEC. 151 OF C.P.C.

That the above named Applicant Munna Khan Karim Khan, Age 64 yrs., Occu. : Business, R/o. In front of S.K.T. Garden Barkhandi Road, Morena Gandhi Colony, Morena, (M.P.) has filed an appeal before the Hon'ble District Judge-3, Achalpur.

Therefore, the notice issued by way of Paper Publication on Respondent No. (5) Ravindrasingh Pratapsingh Thakur, Occc.: Driver, R/o Keshav Colony, Morena, Dist. Morena, (Madhya Pradesh) that you may be appear/present personally or through your Counsel before the Hon'ble District Judge-3, Achalpur, Dist. Amravati (Maharashtra) on 06-01-2026 at 11.00 a.m. and if you will be unable to present/appear before the Hon'ble Court on fixed date, then the appeal will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of the Court this on 05-11-2025.
Amravati
Date: 05-11-2025
BY ORDER
Superintendent
District & Sessions Court Achalpur

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार अशोक पाल पुत्र स्व. श्री रामभरोसी पाल ने उक्त अचल संपत्ति भवन स्थित तेली की बजारिया, नया बाजार लश्कर ग्वालियर में है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 46 है। जो मेरे पक्षकार के पिता रामभरोसी पाल पुत्र श्री कहई सिंह की क्रयशुदा सम्पति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 1716 ग्रन्थ नं. 8848 तारीखी 18.10.1994 में नेमीचन्द्र जैन पुत्र श्री गुलाबचन्द्र जैन के द्वारा सम्पादित की गई। मेरे पक्षकार के पिता रामभरोसी पाल की क्रयशुदा सम्पत्ति के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में -रोड, पश्चिम में- भवन लक्ष्मीनारायण, उत्तर में- भवन काकू, दक्षिण में -गिर्राज मार्केट जिसका कुल क्षेत्रफल 1375 वर्गफुट है। लेकिन मेरे पक्षकार के पिता रामभरोसी पाल पुत्र श्री कहई सिंह ने अपने जीवनकाल में रजिस्टर्ड वसीयत दस्तावेज क्र. 202 ग्रन्थ नं. 307 तारीखी 10.8.2009 वसीयतग्रहिता अशोक पाल पुत्र श्री रामभरोसी पाल के हित में लेखबद्ध की गई। लेकिन मेरे पक्षकार के पिता रामभरोसी पाल की मृत्यु हो जाने के बाद वसीयतग्रहिता मालिक व काबिज है। लेकिन मेरे पक्षकार के पास उक्त शेष सम्पत्ति का कुल क्षेत्रफल 362.5 वर्गफुट स्वत्व स्वामित्व अधिपत्य मे होकर चली आ रही है। अगर किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों याप्राईवेट फायनेंश को या परिवार के किसी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरा पक्षकार उक्त शेष सम्पत्ति का कुल क्षेत्रफल 362.5 वर्गफुट पर हाउसिंग लोन सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रहा है, जो सुचित हो।

दिनांक-28.11.2025
स्थान-ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री ओमप्रकाश, श्री राजेन्द्र पुत्रगण श्री गोपाल सिंह कुशवाह निवासीगण जेबराखेड़ा, तहसील एवं जिला मुरैना, म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय भू-खण्ड जिसका क्षेत्रफल 0.055 हेक्टेयर है, जो सर्वे क्रमांक 467 राजस्व ग्राम जेबराखेड़ा पटवारी हल्का कमांक 44, का भाग होकर ग्राम जेबराखेड़ा, तहसील एवं जिला मुरैना, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है:- पूर्व में-विज्ञान का खेत, पश्चिम में-राजेन्द्र एवं बिजेन्द्र की भूमि, उत्तर में-कंचन सिंह की भूमि, दक्षिण में-आम रास्ता स्थित है, उक्त संपत्ति को आवेदकगण ने सम्पति स्वामी श्री भगवान सिंह पुत्र श्री दयाराम, श्रीमती जानकी पत्नी बटोई जाति कुशवाह निवासीगण ग्राम बिसंगपुर, तहसील एवं जिला मुरैना, म.प्र. से जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र ई-पंजीयन नं. MP25792021A1903840 से दिनांक 26/10/2021 को क्रय कर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास निर्माण ऋण के विरुद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, सर्वे कमांक 467 की भूमि 0.1100 हेक्टेयर को विक्रेतागण अन्य सह स्वामियों के साथ संयुक्त, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करते थे तथा उनके द्वारा अपने भाग की भूमि से उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र आवेदकगण के पक्ष में निष्पादित किया गया था। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति / व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपति किसी भी माध्यम अर्थात विक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।

दिनांक: 28/11/2025.
पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय ओशो ध्यान केन्द्र के पास, पटेल नगर, सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय : प्रातः 11.00 से सांय 05,00 तक

आम सूचना

श्रीमती बंदना राजपूत पुत्री श्री उदयसिंह राजपूत, श्रीमती छाया राजपूत पुत्री श्री उदय सिंह राजपूत के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.18. स्थित ग्राम पुरानी छावनी, प.ह.नं. 46, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र. 64 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.582 ग्राम पुरानी छावनी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 833 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भूमि दीगर, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड क्र.19 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र. 17 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री मोहन सिंह पुत्र श्री खुमान सिंह द्वारा श्रीगती रामरती पत्नी श्री रामसेवक, श्रीमती कलावती पत्नी श्री तुलसीराम को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1606 दिनांक 28.07.2009 से विक्रय की गई। श्रीमती कलावती द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.1305 हैक्टेयर एरिया श्रीमती बंदना राजपूत पुत्री श्री उदयसिंह राजपूत, श्रीमती छाया राजपूत पुत्री श्री उदय सिंह राजपूत को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602021ए 1364423 दिनांक 22.04.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती बंदना राजपूत, श्रीमती छाया राजपूत द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री आकाश खटीक पुत्र श्री नरेश के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जाचुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री आकाश खटीक द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 14 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री रविन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री रमेशचन्द्र यादव के स्वत्व, स्वामित्व र आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, ग्राम गदाईपुरा, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम गालियर वार्ड क्र. 08 में स्थित है जिसका सम्पत्ति क्र: 1000220674 है जो भूमि सर्वे क 133/मिन4क, 134/मिन4क ग्राम गदाईपुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुतीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भवन बिजेन्द्र सिंह, उत्तर में-भूखण्ड सुरेश एवं दक्षिण में-भूखण्ड प्रजेन्द्र पटेल है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री प्रजेन्द्र पटेल द्वारा श्रीमती मगता पत्नी श्री नबल सिंह बघेल को रजिस्टर्ड विक्रम विलेख क्र.561 दिनांक 27.05.2009 से विक्रय की गई। श्रीमती ममता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रामलखन राठौर, श्री संतोष राठौर पुत्रगण श्री वृंदावन राठौर को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 2500 दिनांक 08.11.2011 से विक्रय की गई। श्री रामलखन राठौर, श्री संतोष राठौर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रविन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री रमेशचन्द्र यादव को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1473 दिनांक 10.10.2014 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 27.05.2009 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री रविन्द्र सिंह यादव द्वारा फर्म ओम ट्रेडर्स हेतु उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार ए.यू स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋणप्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 27.05.2009 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हो अथया उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती प्रागो बाई पत्नी श्री तिलक सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. 94 का भाग एवं 95 (सम्पूर्ण), स्थित ग्राम पुरानी छावनी, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.64 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1142 1143, 1147, 1148 एवं 1149 ग्राम पुरानी छावनी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 780 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूमि दीगर, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड क्र.95 का भाग श्री योगेन्द्र प्रजापति एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.94 का भाग है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री मोहन सिंह एवं श्री अशोक कुमार पुत्रगण श्री बृजलाल के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री अशोक कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री लाखनलाल प्रजापति पुत्र श्री लाजपत प्रजापति एवं श्री विजयराम प्रजापति पुत्र श्री फूल सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602018ए1566442 दिनांक 08.08.2018 से विक्रय की गई। श्री लाखनलाल प्रजापति एवं श्री विजयराम प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती प्रागो बाई पत्नी श्री तिलक सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र एमपी142602021ए1509364 दिनांक 30.06.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती प्रागो बाई द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड (एम.एस.एम.ई.) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर पस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710